डूंगरपुर के गांव सत्तु देवकी के स्कूल में एक साल से बंद जर्जर कमरे की छत गिरी

घटना के समय स्कूल में कक्षाएं चल रही थीं और लगभग 120 छात्र पढ़ाई कर रहे थे

- घटना की सूचना मिलने पर पीईईओ पंकज वर्मा और सीबीईओ दीपक शाह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया
- स्कूल में कुल 10 कमरे हैं, जिनमें से 2 कमरे जर्जर हो चुके हैं, इनमें से एक कमरे की छत अब भी जर्जर है : सीबीईओ दीपक शाह

डूंगरपुर, (निसं)। दोवड़ा ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत सत्तु देवकी के अपर प्राइमरी स्कूल में एक जर्जर कमरे की छत गिर गई। यह घटना सोमवार को हुई, जब स्कूल में कक्षाएं चल रही थीं और लगभग 120 छात्र पढ़ाई कर रहे थे। गनीमत रही कि यह कमरा पिछले एक साल से बंद था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब दस बजे जब बच्चे अपनी कक्षाओं में पढ़ाई कर रहे थे और शिक्षक उन्हें पढ़ा रहे थे, तभी बंद पड़े जर्जर कमरे की छत अचानक भरभराकर ढह गई। तेज आवाज सुनकर स्कूल के बच्चे और शिक्षक तुरंत कमरों से बाहर निकल आए। उन्होंने देखा कि दो जर्जर कमरों में से एक की छत गिर चुकी थी। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि ये कमरे काफी समय से जर्जर हालत में थे। सुरक्षा कारणों से इन्हें असुरक्षित घोषित कर दिया गया था और पिछले एक साल से इनमें किसी भी छात्र को नहीं बैठाया जा रहा था। इसी एहतियाती कदम के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। शिक्षकों ने घटना की सूचना तुरंत पीईईओ पंकज वर्मा को दी। सूचना मिलने पर पीईईओ पंकज वर्मा और सीबीईओ दीपक शाह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

सीबीईओ दीपक शाह ने बताया कि स्कूल में कुल 10 कमरे हैं, जिनमें से 2 कमरे जर्जर हो चुके हैं। इनमें से एक कमरे की छत अब भी जर्जर है। उन्होंने कहा कि इन कमरों की मरम्मत और नई छत डालने के लिए प्रस्ताव भेजे गए हैं। मंजूरी मिलते ही जल्द ही कमरों को ठीक करवाया जाएगा।

डूंगरपुर के ग्राम चुंडावाड़ा में सरकारी स्कूल का भवन जर्जर अवस्था में, ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों ने कलैक्ट्रेट का घेराव कर नई बिल्डिंग बनाने की मांग की

- ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जुलाई 2025 में की गई जांच में कुल 13 कक्षा-कक्षों में से 8 को पूरी तरह से जर्जर घोषित कर दिया गया था
- मौजूदा सत्र में 342 विद्यार्थी अध्ययनरत, कमरों की कमी के कारण एक-एक कमरे में दो से तीन कक्षाओं के विद्यार्थियों को बैठाना पड़ रहा है, बाकी बच्चों को बरामदों में पढ़ाया जा रहा है

डूंगरपुर, (निसं)। जिले की ग्राम पंचायत चुंडावाड़ा स्थित राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय का भवन जर्जर होने से बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। बच्चों की सुरक्षा और नए भवन की मांग को लेकर चुंडावाड़ा गांव के ग्रामीणों ने कलैक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्कूल के बच्चों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल का भवन असुरक्षित अवस्था में पहुंच गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जुलाई 2025 में की गई जांच में कुल 13 कक्षा-कक्षों में से 8 को पूरी तरह से जर्जर घोषित कर दिया गया था। इसके अलावा 3 कक्षाओं को बेहद मरम्मत योग्य बताया गया था। जर्जर घोषित किए गए 8 कमरों में विद्यार्थियों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध है, जिसके कारण वर्तमान में विद्यालय के पास केवल 2 सुरक्षित कक्षा-कक्ष ही उपलब्ध हैं। मौजूदा सत्र 2026-27 में नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक कुल 342 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। कमरों की भारी कमी के कारण एक-एक कमरे में दो से तीन कक्षाओं के विद्यार्थियों को एक साथ बैठाना पड़ रहा है, जबकि बाकी बच्चों को बरामदों में पढ़ाया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, जब से यह स्कूल महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में रूपांतरित हुआ है, तब से हर साल नामांकन में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा रही है। कमरों की कमी के कारण बरसात, गर्मी और सर्दी के मौसम में विद्यार्थियों का शैक्षणिक कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है और उनकी सुरक्षा पर भी संकट बना हुआ है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में जर्जर भवन के स्थान पर जल्द से जल्द नवीन भवन या अतिरिक्त कक्षा-कक्षों की स्वीकृति जारी करने की मांग की है। इसके साथ ही, उन्होंने विद्यालय परिसर में स्थित राजीविका के अधीन भवन को तत्काल खाली करवाकर विद्यालय को सौंपने की भी मांग की है ताकि अतिरिक्त स्थान उपलब्ध हो सके।

स्कूलों की कैंटीन और 50 मीटर के दायरे में जंक फूड नहीं बेचे जाएंगे : हाईकोर्ट

- कोर्ट ने स्कूलों में हाई फैट, शुगर और सॉल्ट वाले खाद्य पदार्थों को बेचने पर सख्त रोक लगाने का निर्देश दिया
- इन खाद्य पदार्थों में कार्बोनेटेड ड्रिंक, चिप्स, ट्रांस फैट वाले बेकरी उत्पाद और अन्य जंक फूड शामिल हैं

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य की सभी स्कूलों की कैंटीन और स्कूलों के गेट से 50 मीटर दायरे में जंक फूड बेचने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य को लेकर संज्ञान लिया था। जस्टिस अनूप कुमार ढंढ की बेंच ने स्कूलों में जंक फूड बेचने और बढ़ते मोबाइल स्क्रीन टाइम पर चिंता जताई।

कोर्ट ने स्कूलों में हाई फैट, शुगर और सॉल्ट वाले खाद्य पदार्थों को बेचने पर सख्त रोक लगाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की कैंटीन और 50 मीटर के दायरे में ये खाद्य पदार्थ नहीं बेचे जाएंगे। इनमें कार्बोनेटेड ड्रिंक, चिप्स, ट्रांस फैट वाले बेकरी उत्पाद और अन्य जंक फूड शामिल हैं। कोर्ट ने जिलाधिकारियों और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को हर महीने निरीक्षण कर इन नियमों का पालन करने के लिए कहा। हाईकोर्ट ने कहा कि साल 2020 में सुरक्षित और संतुलित भोजन को लेकर नियम बनाए गए थे। हालांकि 6 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। कोर्ट ने बच्चों को मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाने के लिए इन नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा।

आदेश के तहत सभी स्कूलों को 4 सप्ताह में स्कूल खाद्य सुरक्षा और पोषण समिति का गठन करना होगा। इसके अलावा 8 सप्ताह में कैंटीन में उपलब्ध खाद्य पदार्थों की कैलोरी, सामग्री और पोषण संबंधी जानकारी वाला मेन्यू बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। मिड-डे मील और अन्य पोषण योजनाओं में भी संतुलित आहार के मानकों की पालना के भी निर्देश दिए।

गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों की जर्जर इमारतों और क्लासरूम को लेकर फरवरी 2026 को कड़ी नाराजगी जताई थी। जस्टिस महेंद्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने मामले में मौखिक टिप्पणी करते हुए शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल से कहा- आप स्वच्छ भारत मिशन की बात करते हो, लेकिन आप स्कूल में बच्चियों के लिए टॉयलेट की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एक साथ फिज़िकल इंस्पेक्शन होगा

बीकानेर, (निसं)। प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में आज एक साथ फिजिकल इंस्पेक्शन होगा। अधिकारियों की टीमें जर्जर भवन से लेकर क्लासरूम, पेयजल, शौचालय और जल निकासी की व्यवस्था जांचेंगी। छात्र संख्या के मुकाबले जरूरत से ज्यादा शिक्षक मिलने पर उन्हें चिन्हित कर 27 अगस्त तक जरूरत वाले स्कूलों में लगाने के प्रस्ताव भेजे जाएंगे। स्कूल भवन की जर्जर स्थिति के साथ जरूरत से ज्यादा शिक्षकों व समस्याओं की जानकारी कलैक्टर को दी जाएगी।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशक के आदेश पर बड़े और पुराने स्कूल के प्रिंसिपल आसपास के सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। शहरी क्षेत्रों में यूसीईईओ और ग्रामीण क्षेत्रों में पीईईओ इसकी जिम्मेदारी संभालेंगे। इस दौरान छात्र-शिक्षक अनुपात की समीक्षा होगी। जरूरत से ज्यादा शिक्षकों को जरूरत वाले स्कूलों में लगाने के प्रस्ताव 27 अगस्त सुबह 11 बजे तक सीबीईओ को भेजने होंगे। निरीक्षण में एक-एक क्लास रूम और भवन की स्थिति देखी जाएगी। दीवारों में सीलन, पट्टियां दरकने या भवन जर्जर होने पर रिपोर्ट देनी होगी। स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पोषाहार कक्ष, छत की सफाई और जल निकासी व्यवस्था भी जांची जाएगी। परिसर या आसपास जलभराव मिलने पर पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

भौतिक सत्यापन के बाद आधारभूत सुविधाओं की सभी प्रविष्टियां शाला दर्पण के इंफ्रास्ट्रक्चर मॉड्यूल में 27 अगस्त तक अपडेट करनी होंगी। जर्जर भवन के कारण दूसरे सरकारी या निजी भवन में संचालित स्कूलों में कक्षा-कक्ष, पेयजल और शौचालय की उपलब्धता भी देखी जाएगी। पीईईओ या यूसीईईओ स्तर पर समाधान नहीं होने वाली गंभीर समस्या की सूचना सीबीईओ के माध्यम से मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को दी जाएगी, जो जरूरत होने पर कलेक्टर को अवगत कराकर समाधान कराएंगे।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, साथी गंभीर घायल

मजदूरी कर बाइक से घर लौट रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर-बयाना रोड पर झील का बाड़ा के पास सोमवार शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां मजदूरी कर बाइक से अपने घर लौट रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे युवक का इलाज जारी है।

बयाना थाने के हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह ने बताया कि सोमवार शाम करीब सात बजे कैलादेवी झील का बाड़ा के पास गांव बछामदी निवासी रामनिवास पुत्र तेज सिंह और कल्ला मजदूरी कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने रामनिवास को मृत घोषित कर दिया, जबकि कल्ला की हालत गंभीर होने पर उसे भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक रामनिवास के शव का आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। हादसे के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन की पहचान होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मोबाइल हैकर ने खाते से 5.95 लाख रुपये उड़ाए

मोबाइल पर मिले मैसेज के बाद शातिर ने फोन हैक किया

जोधपुर, (कासं)। शहर के सरदारपुरा स्थित हाकिमबाग एरिया में रहने वाले एक शख्स का मोबाइल किसी शातिर ने हैक कर उसके बैंक खाते से 5 लाख 95 हजार रूपयों की निकासी कर ली गई। पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दी। जिस पर एसओजी की तरफ से जारी जीरो नंबर एफआईआर पर अब सरदारपुरा पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामले में अग्रिम जांच की जा रही है। घटना 21 अगस्त को होना बताया जाता है। रकम तीन बार में ट्रांजेक्शन की गई।

सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर ओलंपिक के पीछे हाकिमबाग निवासी साहिल बैग पुत्र इस्माइल बैग की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके मोबाइल पर 21 अगस्त को कोई मैसेज आया था, जिसके बाद उसका फोन हैक हो गया। तब किसी शातिर ने उसके तीन बैंक खातों से 5 लाख 95 हजार रूपयों की निकासी कर डाली। पता लगने पर उसने साइबर पोर्टल पर इसकी शिकायत दी। पुलिस ने बताया कि एसओजी की तरफ से जीरो नंबर एफआईआर थाने पर भेजी गई, जिस पर अब धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। मामले में जांच एएसआई हनुमानराम की तरफ से की जा रही है।

चूरू में हल्की बारिश के बाद गर्मी से राहत मिली

चूरू, (निसं)। शहर में मंगलवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर करीब दो बजे तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

बारिश के बाद आसमान में धूल का गुबार छा गया और बादल छाए रहने से बारिश की संभावना ओर बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मानसून ट्रफ लाइन जम्मू-देहरादून के दबाव क्षेत्र से होकर गुजर रहा है। पूर्वी राजस्थान के कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में 25-26 अगस्त को मध्यम से कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

इसी अवधि में उदयपुर, अजमेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में भी हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

RAJASTHAN POLICE INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD, JAIPUR

(Government of Rajasthan Undertaking) CIN NO. U45201RJ2013SGC083014, Regd. Office : 756, Police Head Quarter, Lal Kothi, Jaipur (Raj.), Phone: 0141-2740784, Fax: 0141-2744294, e-mail: rpidcl@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- RPHCCL/469/NIT/2026-27/D - 3288 दिनांक :- 21/08/2026

ई-निविदा सूचना सं. 22/2026-27

निम्नलिखित कार्यों के लिए राज्य/केन्द्र सरकार के अभियांत्रिकी विभागों/उपक्रमों में समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसार पाँच वर्ष की डीएलपी के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में क्रम संख्या 01 से 02 तक की निविदा Two Bid के तहत एवं क्रम संख्या 3 की निविदा एकल मद के तहत आमंत्रित की जाती है।

निविदा की कुल लागत	रूपये 538.74 लाख
ऑन लाईन निविदा फॉर्म मिलने की तारीख	25 अगस्त 2026 दोपहर 02:00 बजे से 14 सितम्बर 2026 सायं 04.00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख	14 सितम्बर 2026 सायं 06.00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख	15 सितम्बर 2026 दोपहर 01.00 बजे

निविदा सम्बन्धित जानकारी राजस्थान पुलिस की बेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in/ www.sppp.raj.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक संवेदकों को निविदा संबंधित जानकारी प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा। UBN No. : RID2627WSOB00281, RID2627WSOB00282, RID2627WSOB00283

महाप्रबन्धक
राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
राजस्थान, जयपुर।

राज.संवाद/सी/26/10452

किसानों के पांच कुओं से केबल चोरी

टोंक, (निसं)। बरौनी पुलिस थाना क्षेत्र के बस्सी गांव में चोर किसानों के पांच कुओं और ट्यूबवेलों से लाखों रुपए की केबल चोरी कर फरार हो गये।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार को किसान जब कुओं पर पहुंचे ता उन्हें केबल गायब मिली। इसके बाद उन्होंने तुरंत सिरस पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना मिलने पर सिरस चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली, जहां किसानों ने कहा कि केबल चोरी होने से उन्हें न केवल आर्थिक नुकसान हुआ है, बल्कि फसलों की सिंचाई में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को भी पत्र भेजकर कार्रवाई की अपील की।

हादसे में दो जने घायल, एक जयपुर रैफर

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती पनियाला मोड़ पर तेज रफ्तार एक अनियंत्रित मारुति कार ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को जयपुर रैफर कर दिया। राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ट्रौमा सैंटर के नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि दुर्घटना में अमीलाल (50) पुत्र प्रहलाद गुर्जर व सुरेश (40) पुत्र रामशरण गुर्जर दोनों निवासी ग्राम बामनवास कोटपूतली गंभीर रूप से घायल हो गये।

राजेंद्र राजन होंगे सम्मानित



जयपुर/चूरू। हिंदी साहित्य संसद, चूरू द्वारा साहित्य सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु वर्ष 2026 के रामादेवी भागीरथ प्रसाद मरदा स्मृति कोश सम्मान एवं पुरस्कार से जयपुर निवासी राजेंद्र राजन को सम्मानित किया जायेगा। यह सम्मान संस्था द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को चूरू में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में प्रदान किया जायेगा। संस्था अध्यक्ष बनवारी खामोश ने बताया पुरस्कार स्वरूप 11 हजार नकद राशि, श्रीफल, शॉल, स्वर्ण पदक, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह आदि दिये जायेंगे।

श्रीगंगानगर में सिटी यूनियन बैंक का असिस्टेंट मैनेजर सहित दो गिरफ्तार

- 17.71 लाख का साइबर फ्रॉड करने का आरोप, फेसबुक पर लड़की के नाम से रिक्वेस्ट भेजकर फंसाया था
- आरोपियों ने जाली डॉक्यूमेंट बनाकर फर्जी बैंक अकाउंट खोला और उसे साइबर फ्रॉड में यूज किया

श्रीगंगानगर, (निसं)। यहां 17.71 लाख रुपए के साइबर फ्रॉड मामले में सिटी यूनियन बैंक के असिस्टेंट मैनेजर सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने जाली डॉक्यूमेंट बनाकर फर्जी बैंक अकाउंट खोला और उसे साइबर फ्रॉड में यूज किया।

एसपी हरीशंकर ने बताया कि पुलिस थाना साइबर श्रीगंगानगर ने शिकायतकर्ता मुकेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 05, मगरसिंह कॉलोनी, घड़साना (श्रीगंगानगर) की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। मुकेश कुमार एंजेल ब्रोकिंग के जरिए शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करता है। 16 अप्रैल को मुकेश कुमार की फेसबुक आईडी पर सोनी शर्मा नाम की लड़की की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। बाद में वही लड़की वॉट्सऐप पर बात करने लगी और क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग के नाम पर लिंक भेजकर विश्वास में लेकर करीब 17.71 लाख रुपए का साइबर फ्रॉड कर लिया। 18 जून को मुकेश कुमार ने थाना साइबर पर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद जांच थानाधिकारी आनंद कुमार द्वारा शुरू की गई।

जांच में पता चला कि सिटी यूनियन बैंक के सहायक प्रबंधक शुभम फरक्या ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर विजय चौधरी निवासी तिलोनिया (अजमेर) के नाम से स्कैन और कट-पेस्ट तकनीक से फर्जी वोटर कार्ड बनाया। इसी के आधार पर बैंक की अजमेर शाखा में सेविंग अकाउंट खोल दिया गया। इस अकाउंट में नेट बैंकिंग के लिए सुभांशु ठाकरिया का मोबाइल नंबर लिंक किया गया। अकाउंट खोलने वाले फॉर्म पर फर्जी हस्ताक्षर खुद शुभम फरक्या ने किए और फोटो भी किसी अन्य व्यक्ति की यूज की गई। इसके बाद दोनों आरोपियों ने यह खाता गोरधन उर्फ राहुल चौधरी निवासी थानकसर, अजमेर को मात्र 12 हजार रुपए में बेच दिया। राहुल चौधरी उर्फ गोरधन ने 14 जून 2026 को इस खाते में साइबर फ्रॉड से 1,65,200 रुपए मंगवाए। इनमें से 1 लाख रुपए उसने सिटी यूनियन बैंक किशनगढ़ के एटीएम से नकद निकाले और बाकी पैसे यूपीआई के जरिए ट्रांसफर कर दिए। सोमवार को सिटी यूनियन बैंक के सहायक प्रबंधक शुभम फरक्या निवासी मंदसौर, मध्य प्रदेश और सुभांशु ठाकरिया निवासी रेगरान मोहल्ला, नयाशहर, किशनगढ़, अजमेर को गिरफ्तार किया गया।

कार्यालय आयुक्त, देवस्थान विभाग राजस्थान, उदयपुर (राज.)

आम सूचना

"सिन्धु दर्शन यात्रा योजना"

देवस्थान विभाग की सिन्धु दर्शन योजना के अंर्तगत लद्दाख स्थित "सिन्धु दर्शन यात्रा-2026 हेतु राज्य के 200 तीर्थ यात्रियों को यात्रा पूर्ण करने के पश्चात अधिकतम 15,000/- (पन्द्रह हजार रूपय प्रति यात्री) आर्थिक सहायता देवस्थान विभाग द्वारा प्रदान की जायेगी। आवेदक द्वारा योजना के तहत 31 अक्टूबर 2026 तक यात्रा सम्पन्न कर दो माह की अवधि (31 दिसम्बर 2026) तक लिखित आवेदन सम्बन्धित सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग कार्यालय में पेश करना होगा।

योजनान्तर्गत पात्रता की मुख्य शर्तें निम्नानुसार रहेंगी-

आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष होनी चाहिए एवं राजस्थान का मूल निवासी हो।
आयकरदाता नही हो।

- यात्री को यात्रा स्वयं के स्तर से लद्दाख स्थित सिन्धु दर्शन कर सम्पन्न करनी होगी। वास्तविक व्यय का प्रमाण पत्र (टिकट, रसीदें इत्यादि) प्रस्तुत करना होगा और ऐसी यात्रा पर हुए 50% की प्रतिपूर्ति (अधिकतम 15,000/-प्रति तीर्थ यात्री की सीमा तक) देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा दी जायेगी। अनुदान प्राप्त करने हेतु पात्र यात्री को अपना दावा निर्धारित प्रपत्र में प्रमाणित अभिलेख सहित ऑफलाइन संबंधित सहायक आयुक्त को 31 दिसम्बर 2026 से पूर्व प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित यात्री संख्या (200) से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर चयन लॉटरी द्वारा किया जाएगा।
- लॉटरी निकालते समय आवेदक के आवेदन के साथ उसकी पत्नी अथवा पति (यदि उनके द्वारा भी यात्रा कर ली हो) को एक मानते हुए लॉटरी निकाली जाएगी एवं लॉटरी में चयन होने पर दोनो अनुदान के पात्र होंगे। यदि निर्धारित संख्या से अधिक आवेदक आ गए तो एक परिवार से अधिकतम 3 व्यक्तियों को अनुदान हेतु पात्र माना जायेगा।
- इस यात्रा के तहत उक्त अनुदान यात्री के जीवनकाल में एक ही यात्रा के लिए एक बार ही देय होगा।

उक्त योजना की विस्तृत जानकारी, आवेदन-पत्र एवं संबंधित सहायक आयुक्त कार्यालयों की सूची देवस्थान विभाग की वेबसाईट devasthan.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन फॉर्म संबंधित सहायक आयुक्त कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कराये जा सकेंगे।

आयुक्त, देवस्थान विभाग, उदयपुर

कार्यालय आयुक्त, देवस्थान विभाग राजस्थान, उदयपुर (राज.)

आम सूचना

"कैलाश मानसरोवर यात्रा"

विदेश मंत्रालय, भारत सरकार (Ministry of External affairs, GOI) के माध्यम से कराई जाने वाली "कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026" हेतु देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के 100 तीर्थ यात्रियों को यात्रा पूर्ण करने के पश्चात अधिकतम 1,00,000/- (अक्षरे-एक लाख रूपये) प्रति यात्री की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस हेतु यात्रा करने के पश्चात दो माह के अन्दर आवदेन कर सकते हैं। यह यात्रा माह जुलाई 2026 से सितम्बर 2026 के मध्य में की जा सकती है। इस वर्ष की निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में आवेदन प्राप्त होते है, तो उनका चयन लॉटरी द्वारा किया जावेगा।

योजनान्तर्गत पात्रता की मुख्य शर्तें निम्नानुसार रहेंगी-

- आवेदक राजस्थान का मूल निवासी है।
- यात्रा समाप्ति के उपरान्त विदेश मंत्रालय, (Ministry of External affairs, GOI) द्वारा सफलतापूर्वक यात्रा सम्पन्न किये जाने का प्रमाणिकरण संलग्न किया जाना आवश्यक होगा तथा यात्रा समाप्ति के दो माह के भीतर (अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2026) तक आवेदन सम्बन्धित सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग कार्यालय में पेश करना होगा। प्राप्त आवेदन संख्या (100) से अधिक होने पर चयन लॉटरी द्वारा किया जाएगा।
- इस यात्रा के तहत उक्त अनुदान यात्री के जीवनकाल में एक ही यात्रा के लिए एक बार देय होगा।

उक्त योजना की विस्तृत जानकारी, आवेदन-पत्र एवं संबंधित सहायक आयुक्त कार्यालयों की सूची देवस्थान विभाग की वेबसाईट devasthan.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन फॉर्म संबंधित सहायक आयुक्त कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कराये जा सकेंगे।

DIPR/C/15396/2026 आयुक्त, देवस्थान विभाग, उदयपुर

कोटपूतली से जब्त किये गये जाली नोटों का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

- पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 67500 की जाली करेंसी बरामद की गई थी

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जाली नोटों के रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नकली नोटों के मुख्य सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया है।

थानाधिकारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर 23 अगस्त को कार्रवाई की थी। पुलिस ने बाजार में नकली नोट खपाने की कोशिश कर रहे दो संदिग्धों निशीकान्त (40) पुत्र ओमप्रकाष गुप्ता निवासी चतुर्भुज मंदिर के पास बर्डोद थाना बहरोड़ सदर व राहुल (22) पुत्र महेन्द्र सैनी निवासी भैरू जाट के पास बर्डोद थाना बहरोड़ सदर को हिरासत में लिया था। तलाशी के दौरान उनके पास से 500-500 रुपये के 135 जाली नोट बरामद हुये थे, जिनका कुल मूल्य 67500 रुपये था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिछले दो दिनों से कोटपूतली कस्बे के बाजार में जाली नोट चला रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से जाली नोटों के बदले दुकानदारों से ठगी गई 14440 रुपये की असली भारतीय करेंसी भी बरामद की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तार आरोपियों से सघन पूछताछ के बाद पुलिस को इस गिरोह के मुख्य सप्लायर के बारे में अहम सुराग मिले। इसके बाद पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए 24 अगस्त को मुख्य सप्लायर चिराग (24) पुत्र लोकेश भारद्वाज निवासी जोनायचा खुर्द थाना शाहजहांपुर हाल किरायेदार मकान नं. 318 वीटा डेयरी के पास सैक्टर-6 धारूहेड़ा थाना सैक्टर-6 जिला रेवाड़ी, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब मुख्य आरोपी चिराग भारद्वाज से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये जाली नोट कहां छापे जा रहे थे और इस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है।

महिला सहित दो की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती लूणी स्थित लोलावास गांव में एक महिला ने अपने घर में भूल से जहरीली दवाई का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। मगर अब उसकी मौत हो गई। पति की तरफ से लूणी थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

लूणी पुलिस ने बताया कि लोलावास गांव की रहने वाली 30 साल की ममता पत्नी भंवरलाल पालीवाल ने 23 अगस्त को अपने घर पर भूल से जहरीली दवाई का सेवन कर लिया था। उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर गए, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया। पति भंवरलाल ने मर्ग में रिपोर्ट दी।

वहीं महामंदिर स्थित जेएसए-बीजेएस कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। मृतक के भाई की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। महामंदिर पुलिस ने बताया कि जेएसए-बीजेएस कॉलोनी निवासी 44 वर्षीय नरपत सिंह पुत्र भंवरसिंह ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन को पता लगने पर उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर गए, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। इस बारे में मृतक के भाई वीरसिंह ने मर्ग में रिपोर्ट दी।